1223
26/10/22

747

बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग।

आदेश

राज्य सरकार के 07 निश्चयों में एक ''आर्थिक हल, युवाओं को बल'' के अधीन Kushal Yuva Programme कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के पंजीकरण की प्रकिया जुलाई–2016 में प्रारम्भ की गई, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी Adam Education and Welfare Trust के द्वारा नवादा जिला में KYP04040031 एवं KYP04040032 संचालित किये जाने हेतु केन्द्र का पंजीकरण किया गया। पंजीकरण के आधार पर इस केन्द्र को बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा अनुमोदित किया गया तथा उपरोक्त KYP Code आवंटित किया गया।

कालान्तर में मो0 जहीरउद्दिन, पिता–मो0 अब्दुल सामिद अंसारी, ग्राम–अंसार नगर, जिला–नवादा के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन को एक आवेदन समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि सचिव, Adam Education and Welfare Trust द्वारा KYP केन्द्र के सफलतापूर्वक संचालन हेतु उनके साथ 10:90% प्रति माह के दर से द्वितीय पक्ष को देना होगा, के आधार पर समझौता किया गया है। सेन्टर का सारा खर्च द्वितीय पक्ष स्वंय करेंगे। इससे संबंधित हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति आवेदन के साथ संलग्न की गयी है।

मो0 जहीरउद्दिन से प्राप्त आवेदन के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा सचिव, Adam Education and Welfare Trust से स्पष्टीकरण की माँग की गई। स्पष्टीकरण का जवाब स्पष्ट नहीं होने के कारण मामले की जाँच संबंधित जिले के श्रम अधीक्षक एवं जिला कौशल प्रबंधक से कराया गया। तत्संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार स्थिति निम्नवत् है:–

जाँच के दौरान यह स्पष्ट रूप से विदित हुआ कि Adam Education and Welfare Trust के Owner (Zulqurnan Imam) को बार बार बुलाए जाने के वाबजूद वे उपस्थित नहीं हुए। साथ ही फेंचाइजी संबंधी एग्रीमेंट पाया गया। उक्त एग्रीमेंट में 10:90% की हिस्सेदारी तय की गयी है। दोनों केन्द्रों KYP04040031 एवं KYP04040032 का इंटरनेट एवं बिजली बिल का भुगतान जहीरउद्दिन के नाम से ही है। जॉच दल द्वारा स्पष्ट बताया गया है कि केन्द्र का संचालन Franchisee Mode में किया जा रहा है।

मो0 जहीरउद्दिन द्वारा समर्पित आवेदन, निदेशक, Adam Education and Welfare Trust से प्राप्त स्पष्टीकरण तथा विभागीय जॉच प्रतिवेदन से यह परिलक्षित होता है कि KYP04040031 एवं KYP04040032 का संचालन Adam Education and Welfare Trust के द्वारा सीधे तौर पर नहीं किया जा रहा है। अपितु इसका संचालन मो0 जहीरउद्दिन के द्वारा Franchisee Mode में किया जा रहा है। Franchisee Mode में केन्द्र के संचालन से अनावश्यक रूप से केन्द्र को प्राप्त होने वाले राजस्व का बँटवारा होता है, जिससे केन्द्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। Adam Education and Welfare Trust के द्वारा विचौलिया की भूमिका निभाई जा रही है, जो कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिये हानिकारक है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में KYP04040031 एवं KYP04040032 का स्वामित्व उसके वास्तविक संचालनकर्त्ता मो0 जहीरउद्दिन के नाम पर परिवर्तित किया जाता है। मो0 जहीरउद्दिन को आदेश दिया जाता है कि वे आदेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर पोर्टल पर परिवर्तित किये जाने वाले सूचना यथा– संस्था का निबंधन कागजात, Centre Name, Owner's Name, Pan Detail of Owner, Bank Account of Owner, Email Id & Mobile No. of Owener की विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर तदनुकूल संशोधन/परिवर्तन किया जा सके।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

26/10/22

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन

746)

ज्ञापांक–BSDM/SDM-29-2022 (खण्ड–1)– 1223 पटना, दिनांक– 26/10/22

प्रतिलिपि– Adam Education and Welfare Trust को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. मो0 जहीरउद्दिन, पिता–अब्दुल सामिद अंसारी, ग्राम–अंसार नगर, जिला–नवादा को सूचनार्थ आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. Project Director, MKCL/Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. मिशन प्रबंधक (वित एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक (कार्यक्रम कियान्वयन)/मिशन प्रबंधक (समन्वय)/SPMU Inchrge, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. जिला कौशल प्रबंधक, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन